Class : 7 Marks: 30

HINDI

Time: 30 minutes

Name:______________________________________ Class & Sec. _____________ R. No.____________

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही कीजिए।

I सही विकल्प के सामने सही (√) का निशान लगाइए । (1x30=30)

1. एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
   1. विलोम शब्द 2. अनेकार्थी शब्द 3. एकार्थक शब्द 4. कोई नहीं

2. उचित संधि–विच्छेद पर सही (√) का निशान लगाइए।
   **स्वागत** –
   1. स्व +आगत 2. सु + आगत 3. स्व + गत

3. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं?
   1. चार 2. दो 3. पाँच 4. तीन

4. 'जलज' शब्द कौन – सा शब्द है ?
   1. तद्भव 2. योगरूढ़ 3. यौगिक 4. रूढ़

5. 'गुरु' का पर्याय है?
   1. शिक्षक 2. देव 3. प्रधान 4. व्यक्ति

6. 'जल' का पर्याय नहीं है –
   1. नीर 2. वारि 3. सलिल 4. अनिल

7. 'उचित' का विलोम चुनिए –
   1. प्रचलित 2. सही 3. अनुचित 4. विचलित

8. सही शब्द पर (√) का निशान लगाइए ।
   'जो पढ़ा जा सके'
   1. पठनीय 2. अपठित 3. पठित 4. कोई नहीं

9. 'जिसका मूल्य न आँका जाए' –
   1. बहुमूल्य 2. कीमती 3. अमूल्य 4. मूल्यवान

10. 'तनु' का अर्थ नहीं है?
    1. छोटा 2. कृश 3. देह 4. कोई नहीं

11. 'बूँद' की आवाज़ क्या है?
    1. खन – खन 2. छन –छन 3. टप – टप 4. सर – सर

12. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए _________ की मंडली
    1. भक्तों 2. मधुमक्खियों 3. मनुष्यों 4. सैनिकों

13. उपसर्ग कहाँ लगता है?
    1. शब्द के बाद 2. शब्द के बीच 3. शब्द से पहले 4. कोई नहीं

14. 'कु + पुत्र' से कौन –सा शब्द बनेगा?
    1. कुपात्त 2. कुपुत्र 3. कुपत्त 4. उपुर्यक्त सभी

15. 'तीव्रता' कौन – सी संज्ञा है?
    1. व्यक्तिवाचक 2. भाववाचक 3. जातिवाचक 4. काई नहीं

16. 'प्यास' शब्द क्या है?
    1. विशेषण 2. क्रिया 3. भाववाचक संज्ञा 4. जातिवाचक संज्ञा

17. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द चुनिए।
    1. मंगल 2. अँगूठी 3. चुन्नी 4. चाँदी

18. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द चुनिए।
    1. लड़कपन 2. जुलाहा 3. डिबिया 4. ग्वाला

19. 'मित्र' शब्द का उचित बहुवचन चुनिए।
    1. मित्र लोग 2. मित्रगण 3. मित्रसब 4. मित्रजन

20. सही शब्द पर (√) का निशान लगाइए।
    1. क्योंकी 2. क्योंकि 3. कयोकी 4. क्युकि

21. लेखक अपने मित्र के यहाँ कहाँ जा रहे थे?
    1. लक्सर 2. बक्सर 3. हरिद्वार 4. लखनऊ

22. 'नार्वे' कैसा देश है?
    1. ध्रुवीय 2. गर्म 3. ठंडे 4. समुद्री

23. 1947 में भारत के कितने हिस्से हुए?
    1. पाँच 2. दो 3. तीन 4. चार

24. 'ऐ मेरे वतन के लोगो' गीत किसने गाया?
    1. सुनिधि चौहाण 2. आशा भोंसले 3. लता मंगेशकर 4. उषा मंगेशकर

25. 'कर्त्तव्य – परायणता' पाठ किसने लिखा है?
    1. प्रेमचन्द 2. सुदर्शन 3. कन्हैया लाल मिश्र 4. महादेवी वर्मा

26. ज़फर मियाँ ने कितने मज़दूरों के बाल काटे?
    1. दो 2. चार 3. पाँच 4. एक

27. लेखिका कौन – सी नदी पार कर घीसा को पढ़ाने आती थी?
    1. यमुना 2. गोदावरी 3. नर्मदा 4. गंगा

28. घीसा के पिता की मृत्यु कौन – सी बीमारी से हुई?
    1. जुकाम से 2. बुखार 3. हैजे से 4. दुर्घटना से

29. लेखिका का विद्यालय कौन – से पेड़ के नीचे चलता था?
    1. आम 2. पीपल 3. बरगद 4. नीम

30. लैप – लोग कैसे वस्त्र पहनते हैं?
    1. सूती कपड़े 2. रेशमी 3. रंग – बिरंगे 4. उपुर्यक्त सभी

************

Class : 7 Marks: 60

HINDI Time: 1½ hours

नोट : सभी प्रश्नों का उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

गाँधीजी के आश्रम का एक नियम था कि सब लोग अपने बरतन स्वयं साफ़ करें। रसोई के बरतन बारी – बारी से कुछ लोग धोते थे। एक दिन गाँधीजी ने बड़े – बड़े पतीलों को खुद साफ़ करने का भार ले लिया। इन पतीलों की पेंदी में खूब कालिख लगी हुई थी। राख से भरे हाथों से वे एक पतीले को खूब ज़ोर – ज़ोर से रगड़ने में लगे हुए थे कि तभी कस्तूरबा वहाँ आ गई। उन्होंने पतीले को पकड़ लिया और बोली ''यह काम आपका नहीं है। इसे करने केलिए और बहुत से लोग हैं। गाँधीजी को लगा उनकी बात मान लेने में ही बुद्धिमानी है। वे चुपचाप कस्तूरबा को उन पतीलों की सफ़ाई का काम सौंपकर चले गए। बरतन जब तक एकदम चमकते न हो, गाँधीजी को संतोष नहीं होता था। उन्होंने बताया कि एक बार जेल में उन्हें जो मददगार दिया गया था, उसके काम से असंतुष्ट होकर उन्होंने कैसे स्वयं ही लोहे के बरतनों को भी चाँदी के समान चमका दिया था।

1. आश्रम का नियम क्या था?
2. पेंदी का समानार्थी शब्द क्या है?
3. एक दिन गाँधीजी क्या साफ कर रहे थ?
4. अपने मददगार से असंतुष्ट हो उन्होंने क्या किया?
5. कस्तूरबा का गाँधीजी से क्या संबंध था?

II नगर – निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने क्षेत्र की सफ़ाई के लिए एक पत्र लिखिए। (5)

III उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (2)

1. घर के __________ बैठ जाओ (अंदर / अंतर)
2. दोनों भाईयों में __________ है।

IV एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

1. अधिक – पर्याप्त 2. आधि – व्याधि

V निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (2)

1. दीवार पर नहीं लिखें।
2. कृष्ण के अनेकों अवतार हुए हैं।

VI निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (2)

1. नाक में दम करना –
2. श्री गणेश करना

VII लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए । (2)

1. भैंस के आगे बीन बजाना
2. आगे कुआँ पीछे खाई

VIII शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

1. स्तंभ – 2. शीतल पाटी – 3. छोर – 4. स्तब्ध –

IX निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

"जो कभी अपने समय को यों ही बिताते हैं नहीं,
काम करने की जगह बातें बनाते हैं नहीं ।
आज – कल करते हुए जो दिन गँवाते हैं नहीं,
यत्न करने में कभी जो जी चुराते हैं नहीं।
बात है वह कौन जो होती नहीं उनके लिए,
वे नमूना आप बन जाते हैं औरों के लिए।

1. इन पंक्तियों के कवि और कविता का नाम बताइए।
2. कौन – से मनुष्य दूसरों के लिए नमूना बन जाते हैं? और कैसे?
3. 'यत्न' का अर्थ बताइए
4. इन पंक्तियों से विद्यार्थियों को क्या सीख मिलती है?
5. समय का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

X निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

"दो महीने बाद नेहरु स्वयं मुबंई गए और प्रदीप से मिले। एक बार उनके मुख से फिर यही गीत सुना। फिर से उनकी आँखे नम हो गई। प्रदीप की हस्तलिपि में लिखे कागज़ को लेकर, वे दिल्ली लौट आए। आज भी जब यह गीत सुनाई देता है तो मन को छू जाता है, तन में एक सिहरन – सी होती है, अनायास आँखें नम होने लगती हैं और सिर झुक जाता है उन जाँबाज़ वीरों के लिए – 'जो लौट के घर न आए।"

1. ये पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है? इसके लेखक कौन है?
2. नेहरु जी मुंबई क्यों गए? वहाँ उन्होंने क्या किया?
3. 'हस्तलिपि' एवं 'जाँबाज़'का अर्थ लिखिए।
4. ये गीत किसको समर्पित है?
5. इस विशेष गीत का उद्देश्य क्या था?

XI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। (4x3=12)

1. लेखक ने मज़दूर के बाल काटने के पश्चात ज़फर मियाँ से क्या कहा? उसने क्या उत्तर दिया? क्यों?
2. कर्मवीर की पाँच विशेषताओं का वर्णन करिए।
3. लेखिका को घीसा की दक्षिणा के सामने संसार के सारे सुख फीके क्यों जान पड़े?
4. गीतकार प्रदीप के सामने क्या चुनौतियाँ थी?

XII निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3 – 4 वाक्यों में लिखिए। (5x2=10)

1. रोज़गार कार्यालय के अफ़सर ने दीनानाथ से क्या कहा?
2. ध्रुव प्रदेश के लोगों को रात – दिन का कैसे पता चलता है और वे कैसे अपना काम करते हैं?
3. कवि ने गीत का मुखड़ा क्यों बदल दिया?
4. ज़फर मियाँ ने लेखक की हजामत पहले क्यों नहीं बनाई?
5. लेखिका की स्मृति में सालों बाद भी कौन जिंदा रहा और क्यों?

XIII निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर, एक वाक्य में लिखिए। (1x6=6)

1. घीसा ने और जलेबी किसके लिए माँगी?
2. लेखक ने ज़फर मियाँ के काम की तुलना किससे की है?
3. लेखक किस स्टेशन पर उतरे?
4. भारत – चीन युद्ध कब हुआ था?
5. ध्रुवीय प्रदेश की विचित्र बात क्या है?
6. लेखक नार्वे से पत्र किसको लिख रहा था?

************